सामुदायिक विज्ञान विषय में अध्ययन छात्राओं के लिए विशेष अवसर : प्रो0 नरेन्द्र प्रताप सिंह

बांदा (विधान केसरी)। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा 2022 उत्तर प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा के कुलपति प्रो0 नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश की छात्राओ के लिए यह सुनहरा मौका इसलिए है क्योंकि वे अपने क्षेत्र में ही रहकर उच्चशिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के साथ-साथ अच्छे नौकरी के अवसर भी प्राप्त कर सकती है, साथ ही अपना व्यवसाय शुरू करने की क्षमता को भी विकसित कर सकती है। यूपीकैटेट की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश के लिए विशेषकर कला वर्ग से इण्टरमीडिएट कर रही एवं कर चुकी छात्राओं हेतु बी0एस0सी0 (ऑनर्स) सामुदायिक विज्ञान में प्रवेश के लिए विशेष अवसर है। इस विषय में प्रवेश के लिए गणितध्विज्ञान वर्ग से इण्टरमीडिएट कर रही एवं कर चुकी छात्राए भी सामान रूप से अर्ह है। कुलपति महोदय ने बताया कि सामुदायिक विज्ञान शिक्षा व्यक्ति, परिवार एवं समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह वैज्ञानिक एवं रचनात्मक दोनों कार्यों को शामिल करता है जो न केवल बेहतर घर एवं परिवार के लिए बल्कि शिक्षण, समाज सेवा, व्यवसाय, अनुसन्धान में कैरियर का बेहतर अवसर प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 एस0के0 सिंह ने बताया कि इस वर्ष इस परीक्षा का आयोजन बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा द्वारा किया जा रहा है। अतः प्रदेश के हर क्षेत्र के हर वर्ग के छात्र-छात्राएं जो भी उच्च शिक्षा लेने के इच्छुक है, वे अपने ही क्षेत्र में घर के निकटतम रह कर बी0एस0सी0 (ऑनर्स) कृषि, बी0एस0सी0 (ऑनर्स) उद्यान, बी0एस0सी0 (ऑनर्स) वानिकी व बी0एस0सी0 (ऑनर्स) सामुदायिक विज्ञान की उपाधि प्राप्त कर परास्नातक व पी0एच0डी0 की डिग्री के लिए भी आगे प्रवेश ले सकते है। प्रायः देखा जाता है कि बहुत सारे प्रतिभाशाली छात्र एवं विशेष रूप से छात्राएं परिवारिक परिस्थितियों के चलतें घर से दूर जाकर अच्छे उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाती है। छात्र-छात्राओं यहाँ से गुणवत्तायुक्त एवं रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त कर देश/विदेश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

कुलसचिव ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों के लिये दिनांक 16 जून 2022 को परीक्षा सम्पन्न होगी। परीक्षा हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थी अथवा लॉगिन कर आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01 मार्च, 2022 से 30 अप्रैल, 2022 तक किये जा सकते है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी परीक्षा अर्हता, शुल्क, सीटों की संख्या एवं अन्य विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना विवरणिका को डाउनलोड कर देख सकते हैं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डा0 सौरभ ने पाठ्यक्रम की महत्ता के बारे में बताया कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कर उनको विभिन्न विधाओं में स्वरोजगार हेतु कौशल विकास के साथ-साथ विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों, बैंकों, प्रबन्धन संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों इत्यादि में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्रदान करता है। सामुदायिक विज्ञान विषय में अध्ययनरत छात्रध्छात्रायें रोजगारध् स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस विषय के छात्र/छात्रायें रोजगार हेतु टीचरध् लेक्चररध् प्रोफेसर, क्रेचडे केयर सेंटर मैनेजर, डायटीशियन/न्यूट्रीशनिस्ट, बेकिंग एंड कन्फेक्शनरी यूनिट, इंटीरियर डेकोरेटरडिजाइनर, फैशन डिजाइनर, डायरप्रिंटर, बुटीक, जनसंपर्क अधिकारी मीडिया प्रबंधक/ फोटोग्राफर/वीडियो संपादक, काउंसलर/फैमिली काउंसलर बनकर रोजगार सृजित कर सकते हैं और समाज की सेवा कर सकते हैं।